आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 17.03.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए 19 अप्रैल को होगा मतदान। निर्वाचन आयोग ने तैयारियां की पूरी।
- आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद प्रदेश के सार्वजनिक और सरकारी परिसम्मतियों से प्रचार सामग्री हटाने का कार्य जारी।
- बदरीनाथ विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेंद्र भंडारी और टिहरी के पूर्व विधायक धन सिंह ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा। भाजपा समेत अन्य दल चुनाव की तैयारियों में जुटे।
- कुमाऊं मंडल में होली की धूम, अल्मोड़ा व बागेश्वर में शुरू हुआ होलिकोत्सव।

लोकसभा चुनाव

आगामी लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। निर्वाचन आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव और मुख्य निर्वाचन अधिकारी को 24 घंटे में वॉल पेंटिंग, पोस्टर, पर्चे और इस तरह की सभी सामग्रियों को हटाने के निर्देश दिए हैं। रेलवे स्टेशन और बस अड्डों जैसे सार्वजनिक स्थलों से सभी अनाधिकृत पोस्टर, होर्डिंग्स और बैनर को 48 घंटे के भीतर हटाने को कहा गया है। इसके साथ ही निजी संपत्ति पर प्रदर्शित अनाधिकृत विज्ञापनों के पोस्टर भी 72 घंटे के भीतर हटाना होगा। आयोग ने साफ किया है कि किसी भी राजनीतिक दल और उम्मीदवार द्वारा चुनावी प्रचार के लिए सरकारी वाहनों के इस्तेमाल पर पूर्ण रूप से पाबंदी होगी। इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया पर सरकार की उपलब्धियां बताने वाले विज्ञापनों की अनुमति नहीं होगी।

टिहरी लोकसभा चुनाव

चुनाव आचार संहिता को देखते हुए टिहरी के जिला निर्वाचन अधिकारी मयूर दीक्षित ने सरकारी और सार्वजनिक परिसम्पतियों से प्रचार–प्रसार सामग्री हटाने के निर्देश दिए हैं। पत्रकारों से बातचीत में जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया किं जिले में पांच लाख पंद्रह हजार नौ सौ चौहत्तर मतदाता है। जिसमें दो लाख पैंसठ हजार सात सौ इक्कीस पुरुष, दो लाख पचास हजार दो सौ पचास महिला और तीन थर्ड जेण्डर मतदाता शामिल है। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

वहीं, हरिद्वार के जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्बयाल ने कहा कि जिला प्रशासन ने लोक सभा चुनाव की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक और सरकारी भवनों से प्रचार सामग्री को हटा दिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र में कुल 14 विधानसभा क्षेत्र सम्मिलित हैं। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को किसी प्रकार से प्रभावित न किया जा सके इसके लिए जिला स्तर पर समिति बनाई गई है और सुरक्षा की व्यवस्था की गई है।

लोकसभा निर्वाचन

चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होते ही उत्तरकाशी जिले में स्थापित नियंत्रण कक्ष ने काम करना शुरू कर दिया है। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने नियंत्रण कक्ष में तैनात कर्मचारियों को हर चुनावी गतिविधि पर नजर रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने नियंत्रण कक्ष से विभिन्न स्थानों पर तैनात सर्विलांस टीमों, उड़नदस्तों के साथ ही जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों से निरंतर संपर्क बनाए रखने को कहा। उन्होंने सूचनाओं के त्वरित संचार के लिए नियंत्रण कक्ष में संचार के सभी वैकल्पिक संसाधनों को भी निरंतर सुचारू बनाए रखने को कहा।

पुलिस की चुनावी तैयारी

प्रदेश में लोकसभा चुनाव की तैयारियों को पुलिस ने अंतिम रूप दे दिया है। आज यह जानकारी देते हुए अपर पुलिस महानिदेशक अंशुमन ने बताया कि प्रदेश में चुनाव के दौरान 40 से 42 हजार पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 10 हजार पुलिसकर्मियों का प्रशिक्षण पूरा हो चुका है।

चुनाव कार्यक्रम–प्रतिक्रिया

विभिन्न राजनीतिक दलों ने चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा का स्वागत किया है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पार्टी सुशासन के अपने रिकॉर्ड और सभी क्षेत्रों में किये गये कार्यों के आधार पर जनता के पास जाएगी। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लोगों से बड़ी संख्या में मतदान करने और विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के आधार को मजबूत करने का आह्वान किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि लोकसभा चुनाव भारत के लिए न्याय का द्वार खोलेंगे। आम आदमी पार्टी के गोपाल राय ने कहा कि पार्टी गठबंधन के साथ चुनाव लड़ेगी।

बोर्ड परीक्षा

उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाएं सम्पन्न होने के बाद शिक्षा विभाग अब उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की तैयारियों में जुट गया है। प्रदेश में मूल्यांकन केंद्रों पर पैंतीस सौ शिक्षकों की तैनाती की गई है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक महावीर बिष्ट ने बताया कि उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का काम 27 मार्च से शुरू होगा और 10 अप्रैल तक मूल्यांकन का कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

कांग्रेस से इस्तीफा

चमोली जिले के बदरीनाथ विधानसभा से विधायक व पूर्व मंत्री राजेंद्र भंडारी और टिहरी से पूर्व विधायक धन सिंह नेगी ने आज कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। इस बीच, विधायक राजेंद्र भंडारी ने आज नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, पार्टी के उत्तराखंड प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम और पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी और पौड़ी गढ़वाल से प्रत्याशी अनिल बलूनी मौजद थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधायक राजेंद्र भंडारी का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि विपक्षी पार्टियों के नेतागण लगातार भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

होली

प्रदेश के कुमाऊं मंडल में होली की धूम है। इस साल होलिका दहन 24 मार्च को होगा और 25 मार्च को रंग भरी होली खेली जाएगी। होलिका दहन से 8 दिन पहले यानी आज से होलाष्टक की शुरूआत हो गयी है। इस अवसर पर अल्मोडा में दो दिवसीय होलिकोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के मुख्य बाजार में शोभा यात्रा निकाली गई और मल्ला महल में देश के विभिन्न स्थानों की होली बृज, बृंदावन, मथुरा, राजस्थान, पंजाब, उत्तर प्रदेश की होली प्रदर्शित की गई। महिला कल्याण संघ की अध्यक्ष रीता दुर्गापाल ने कहा कि प्रदेश की होली गायन परंपरा महिलाओं के कारण ही जीवित है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष होलिकोत्सव में पूरे भारत वर्ष की होली गायन परंपरा का प्रस्तुतिकरण किया गया।

ऑपरेशन मुक्ति

प्रदेश में ऑपरेशन मुक्ति अभियान के तहत पुलिस ने रुड़की मे ंशिक्षा से वंचित 17 बच्चों को चिह्नित किया है। इन बच्चों को भिक्षावृत्ति से मुक्त कर राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में प्रवेश दिलाया जाएगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि रूड़की के मानव तस्करी विरोधी दल निराश्रित बच्चों को भिक्षावृत्ति मुक्त करने के लिए अभियान चला रहा है।